हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

15 सुशासन तिहार में 6597 आवेदनों का निराकरण



16 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में होंगे 65.56 लाख के विकास कार्य





# सुशासन तिहार बना जनसमस्याओं के समाधान का मंच, विकास की मिली सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत नयापारा में गुरुवार को आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर क्लस्टर अंतर्गत 12 ग्राम पंचायतों से कुल 4879 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4832 आवेदन मांग संबंधी एवं 47 शिकायतों से संबंधित थे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सिमगा दौलत पाल, जिला पंचायत सभापति मोहनलाल वर्मा, शशि आनंद बंजारे, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में ऑन द स्पॉट निराकरण से जनता में भरोसा : राजस्व मंत्री व सांसद

### समस्याओं का मौके पर निराकरण

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जनसमस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी गांव-गांव जाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि जनता को योजनाओं का लाभ देने और शासन की पारदर्शिता दिखाने का माध्यम है। उन्होंने यह भी बताया कि महतारी वंदन योजना के लिए पंजीयन प्रक्रिया पुनः खोली जाएगी।





### स्पॉट पर निराकरण हो

सांसद अग्रवाल ने कहा कि समाधान शिविरों में स्पॉट पर निराकरण हो रहा है, जिससे आम लोगों का सरकार पर विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों को 7 दिनों के भीतर बदलने, मई माह के अंत तक 20 नए नलकूप खनन करने और सभी सीमेंट संयंत्रों व नदी तटों पर वृक्षारोपण की योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण का निर्देश भी दिया गया।

### विकास कार्यों की सौगातें

समाधान शिविर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ग्राम पंचायत बछेड़ा में महतारी सदन हेतु 16 लाख रुपये, हाई स्कूल नयापारा में सोलर पैनल के लिए 10 लाख तथा सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। वन विभाग के एसडीओ की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर दीपक सोनी ने समाधान शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### करंट की चपेट में आया मवेशी, ग्रामीणों ने बचाया

**खरोरा।** ग्राम पंचायत नहरडह बस्ती ट्रांसफार्मर के पास अचानक करंट आने से एक मवेशी चपेट में आ गया, जिसे ग्रामीण ने बचा लिया। गौ माता मरते मरते बची। बचाने वालों में सोहन साहू, खूबी राम यादव, राजेंद्र यादव, सूर्यकांत एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### 11 केवी के संपर्क में आने से झुलस गए चार मजदूर

**महासमुंद।** मशीन को ले जाते चार मजदूर 11 केवी के संपर्क में आकर झुलस गए। इन मजदूरों को भंवरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ एक मजदूर की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे रायपुर रिफर किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उमरिया के आश्रित गांव कोयलारीडीह में 10 लाख रुपए की लागत से बस्ती से तालाब के पास स्थित मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार ने मंगलवार को मिक्सर मशीन मंगाई। मशीन को लाते समय लोहे की रॉड 11 केवी हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। जिससे मशीन को धकेल रहे कर्मचारी हेतराम नायक (19), गणेशु नायक (20), राम राणा (52), सरजू (18) करंट की चपेट में आ गए। इस संबंध में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता टेकेंद्र पटेल ने अनभिज्ञता जाहिर की। जनपद सीईओ पीयूष सिंह ठाकुर ने बताया कि हादसे में सरपंच व मशीन ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है।

### दो लोगों ने युवक को मिलकर पीटा

**महासमुंद।** मकान निर्माण की पुरानी बातों को लेकर ग्राम सिरबोड़ा के दो लोगों ने बांस के डंडे और ईंट से गांव के ही एक व्यक्ति पर मारपीट कर दी। मारपीट से व्यक्ति घायल हुआ है। मामला बलौदा थाना का है जहां शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र भोई निवासी ग्राम सिरबोड़ा ने बताया कि 19 मई को शाम करीब 7.30 बजे अपने घर से कीर्तन मंडली होते हुए भंडारा का प्रसाद खाने जा रहा था। उसी समय गांव के ही वरूण भोई और कुश भोई ने मकान निर्माण की पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर कुश भोई अपने हाथ में रखे बांस के डंडे से और वरूण भोई ने पास पड़े सीमेंट के ईंट से मारपीट किया है।

### गर्भवती महिलाओं का जांच शिविर कल

**सरायपाली।** आगामी 24 मई को स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोड़ा व आयुष्मान आरोग्य आरोग्य मंदिर बलोदा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के जांच के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## मौके पर मौजूद संचालक आरामिल संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका

# अवैध रूप से संचालित आरा मिल सील, बड़ी मात्रा में काष्ठ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वन विभाग ने सिमगा स्थित गौतम ट्रेडिंग कम्पनी के अवैध रूप से संचालित आरामिल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। यह कार्रवाई डीएफओ गणवीर धम्मशील के निर्देश पर उप वनमंडलाधिकारी गोविंद सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार के नेतृत्व में की गई।

सर्च वारंट प्राप्त कर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से संचालित आरामिल में छापामार कार्रवाई की, जहां मिश्रित प्रजातियों के बड़ी मात्रा में काष्ठ लट्ठा, चिरान और जलाऊ लकड़ियां पाई गईं। मौके पर मौजूद संचालक राजीव ताम्रकार, निवासी ग्राम सिमगा, आरामिल संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरामिल को विधिवत रूप से सीलबंद कर ▶▶ शेष पेज 13 पर





### सख्ती से कार्रवाई करें

समस्त परिक्षेत्र अधिकारियों को वन अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार का अवैध शिकार, काष्ठ परिवहन या वन क्षेत्र में अतिक्रमण की जानकारी हो, तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें।
-धम्मशील डीएफओ

# वन क्षेत्र में अतिक्रमण का प्रयास, जेसीबी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वन विभाग द्वारा आरक्षित वन क्षेत्रों में अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बुधवार को बलौदाबाजार वनमंडल के अंतर्गत नवागांव परिसर के कक्ष क्रमांक 247 में अवैध खुदाई करते हुए एक जेसीबी मशीन को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। यह कार्रवाई वनमंडल अधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशन में की गई।

■ जब्तशुदा मशीन को राजसात करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपवनमंडल अधिकारी अनिल वर्मा, प्रशिक्षु एसीएफ गजेंद्र वर्मा तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू के नेतृत्व में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु गश्ती के दौरान यह अतिक्रमण सामने आया। नवागांव निवासी बंशराम पिता रोहित राम लोहार द्वारा आरक्षित वन भूमि पर खेत बनाने हेतु चनहाट निवासी केशव प्रसाद पिता संतोष कुमार साहू की जेसीबी क्रमांक सीजी 04 एल 3979 से अवैध खुदाई की जा रही थी। मौके पर किए गए सत्यापन में पाया गया कि कक्ष क्रमांक 247 में आरक्षित वन ▶▶ शेष पेज 13 पर

### प्रवेश पर होगी कार्रवाई

वनमंडल अधिकारी धम्मशील ने इस प्रकार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने और अतिक्रमण के प्रयास होने पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण, अवैध कटाई या खुदाई की गतिविधि दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

# तूफान और बेमौसम बारिश ने मचाई तबाही जनजीवन अस्त-व्यस्त, मुआवजे की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

बीते दिन आई तेज तूफान और बेमौसम बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं और अचानक हुई बारिश से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई घरों की छतें उड़ गईं, शेड उखड़ गए और खेतों में लगे उपकरण ध्वस्त हो गए। ग्राम कठिया नंबर-1 निवासी तिलक राम बघेल का खेत में लगा सोलर पैनल सिस्टम आंधी में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। यह सोलर पैनल उनकी खेती के लिए बिजली का एकमात्र साधन था। वहीं ग्राम भरुवाडीह कला की शकुन वर्मा का घर पूरी तरह से ढह गया। तेज बारिश और छत टूटने ▶▶ शेष पेज 13 पर



# 71 वर्ष की पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचे, पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राजधानी रायपुर के बेलटुकरी गांव में एक वृद्ध पति द्वारा अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हत्या के बाद आरोपी स्वयं रायपुर के गंज थाना पहुंचा और पुलिस को वारदात की जानकारी दी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी बिषरू धीवर 74 वर्ष ने अपनी पत्नी शांति धीवर 71 वर्ष की गला दबाकर हत्या कर दी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या तकिए से मुंह दबाने और गला घोंटने के माध्यम से की गई है।घटना की जानकारी मिलते ही खरोरा पुलिस तत्काल रायपुर पहुंची और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रामवासियों के अनुसार, बिषरू धीवर बीते बीस वर्षों से गांव से बाहर रह रहा था और मात्र एक माह पहले ही वापस आकर अपने घर में रहने लगा था। घर में दंपती के साथ उनका 45 वर्षीय बेटा भी रहता है, जिसकी पत्नी उसे पहले ही छोड़ चुकी है और वह तिल्दा के किसी उद्योग में काम करता है।

### सभी पहलुओं पर जांच की जा रही

थाना प्रभारी दीपक पासवान ने बताया कि घटना की जांच जारी है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। यह घटना न केवल गांव में बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी चर्चा का विषय बन गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले की सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## फायर स्टेशन संसाधन और भूमि अभाव से जूझ रहा

# आगजनी : सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

मंगलवार की रात बलौदा बाजार जिले में घटी दो अलग-अलग घटनाओं ने आम नागरिकों को झकझोर कर रख दिया। एक ओर जहां नगर के गौरव पथ स्थित डॉ. वाजपेयी के निवास में लगी आग ने घर का कीमती सामान राख कर दिया, वहीं पलारी थाना क्षेत्र में ट्रेलर और मालवाहक की टक्कर के बाद लगी आग में एक ड्राइवर की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

■ गौरव पथ पर डॉक्टर के घर में लाखों की क्षति, सड़क हादसे में ट्रेलर ड्राइवर की मौत

हालांकि फायर स्टेशन के पास हाइड्रोलिक कटर, लिफ्टिंग बैग, डोर ओपनर, ऑक्सीजन सूट जैसे आधुनिक उपकरण मौजूद हैं, लेकिन स्टाफ और संसाधनों की कमी के कारण त्वरित कार्रवाई में ▶▶ शेष पेज 13 पर

### हाईटेक भवन के लिए स्वीकृति, लेकिन भूमि नहीं

2018 से फायर स्टेशन के लिए भूमि चयन लंबित है। पनगांव की प्रस्तावित भूमि को अस्वीकृत किया गया था। वर्तमान में नगर पालिका के मनीकंचन केंद्र के पास 30 डिसमिल भूमि उपयुक्त मानी जा रही है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा 1.20 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है, लेकिन भूमि न मिलने से भवन निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।



### 2020 से अब तक 385 आगजनी की घटनाएं, 8 की मौत

फायर विभाग के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2020 से अब तक जिले में कुल 385 आगजनी की घटनाएं दर्ज हुई हैं, जिनमें से 40 गंभीर श्रेणी की थीं। इन घटनाओं में अब तक 8 लोगों की जान जा चुकी है।

### गौरव पथ पर रात में मची अफरा-तफरी

डॉ. वाजपेयी के अनुसार, रात लगभग 4.30 बजे फ्रिज में आग लगने से पूरे घर में धुआं फैल गया। उन्होंने तत्काल परिजनों को जगाया और पांच वयस्क व चार बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन करोड़ों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

### संडी-कोदवा मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

उसी रात लगभग 9.30 बजे पलारी थाना क्षेत्र के संडी और कोदवा के बीच ट्रेलर और मालवाहक वाहन की टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य झुलस गए हैं और उनका उपचार जारी है।

### वर्षवार आंकड़े इस प्रकार हैं

2020: 24
2021: 95
2022: 79
2023: 78
2024: 61
2025 (अब तक): 48

इन घटनाओं ने न केवल सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था की सीमाएं उजागर की हैं, बल्कि फायर सेवा के आधुनिकीकरण और विस्तार की आवश्यकता को भी सामने रखा है। यदि समय रहते संसाधन और आधारभूत ढांचा मजबूत नहीं किया गया, तो भविष्य में और गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

# जीव-जंतु की रक्षा और पौधे लगाने सभी का योगदान जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड पलारी अंतर्गत गांव धमनी के गुड़ी चौक में विश्व जैवविविधता दिवस वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत धमनी हरदयाल पैकरा ने की। उपसरपंच मिनेंद कुमार यादव, मतुलाल कैवर्त, रमन सिंह निषाद, सचिव दिनदयाल कन्नौजे, बृजभान यदु, तेजराम यदु के साथ सास-बहू महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष राजकुमारी यदु, सचिव फगनी यदु सदस्य पांचो बाई, ललीता कंवर, सुखनी यदु, धनवंतिन, सोनी यदु, नीराबाई कंवर, जेठिया, तीलबाई, सहेतरिन, अनीता, रमशीला, मीराबाई, देहूती, नंदकुमारी, नर्बदा, हेमा, प्रेम बाई पंच, आंगनबाड़ी क्रमांक 3 सरिता पैकरा ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ धमनी में आयोजित विश्व जैवविविधता दिवस में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

# बजट में मंजूर होने के बाद भी नई योजनाओं के काम शुरू नहीं हो पाते, अब वित्त ने बदल दी व्यवस्था

## अब नई योजनाओं का प्रशासकीय अनुमोदन पहले लेना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बजट निर्माण के दौरान अंतिम चरण में विभागों के बजट में नवीन योजनाओं और नवीन मद के कार्यों के प्रस्तावों को अपरिहार्य बताकर अपरीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल करा लिया जाता है, लेकिन प्रशासकीय स्वीकृति में देर होने के कारण ऐसे काम शुरू ही नहीं हो पाते। इस मामले को लेकर अब वित्त विभाग ने सभी विभागों के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। खास बात ये है कि अब अगले वित्त वर्ष के बजट में शामिल करने के लिए प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त करने के बाद दिसंबर तक सहमति लेनी होगी।

इस संबंध में वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है। इसे नवीन मद के प्रस्तावों को बजट में परीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल किए जाने एव प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में बताया गया है।

**वित्त ने कही ये बात:** वित्त विभाग का कहना है कि हर साल विभागों के बजट में नवीन मदों को शामिल करने के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए बजट कार्यक्रम जारी किए जाते हैं। जिसके अनुसार ये निर्देशित किया जाता रहा है कि बजट में नवीन मद के रूप में प्रस्तावों को सूक्ष्म परीक्षित मद के रूप में शामिल किया जाए तथा अपरीक्षित मद के रूप में प्रस्ताव यथा संभव बजट में शामिल नहीं किया जाए। लेकिन विभिन्न विभाग बजट निर्माण की प्रक्रिया के अंतिम चरण में नवीन योजनाओं एवं नवीन मद के प्रस्तावों को अपरिहार्य बताकर अपरीक्षित नवीन मद के रूप में प्रस्ताव शामिल कराए जाते हैं।

### ...लेकिन काम शुरू नहीं हो पाता

वित्त ने ये भी कहा है कि बजट पारित होने के बाद अपरीक्षित नवीन मद के के कार्यों योजनाओं एवं नवीन मद के कार्यों योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति में विलंब के कारण उस वित्तीय वर्ष में नवीन मद में प्रस्तावित कार्य का क्रियान्वयन नहीं हो पाता है। साथ ही नवीन मद के रूप में प्रावधानित बजट का उपयोग नहीं हो पाता है। इसके अलावा अपरीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल कार्यों को बिना परीक्षण सर्वेक्षण के बजट में शामिल कराए जाने से बजट में कार्यों, योजनाओं की अनुमानित लागत एवं वित्तीय भार सही न होने से नवीन सृजित होने वाले वित्तीय दायित्वों का सही आकलन नहीं हो पाता है।




### अब सरकार ने लिया ये फैसला

इस स्थिति को देखते हुए वित्त विभाग ने अब निर्णय लिया है कि बजट में नवीन मद के प्रस्तावों को यथा संभव परीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल किया जाए। विभागों द्वारा परीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल किए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए ऐसे कार्यों, योजनाओं का इस्टीमेट, प्रस्ताव आदि तैयार कर अगले वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल करने के लिए प्रशासकीय अनुमोदन लिया जाकर वित्त विभाग से दिसंबर तक सहमति प्राप्त कर ली जाए, जिससे आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में नवीन मद के प्रस्ताव अधिकांशतः परीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल हो सकें, व कार्यों, योजनाओं का बजट वर्ष में पूरी तरह क्रियान्वयन करते हुए प्रावधानित व्यय का समुचित उपयोग किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक आज

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में उप मंत्रि-मंडलीय समिति की बैठक 23 मई को मंत्रालय महानदी भवन में दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है। उप मंत्रि-मंडलीय समिति बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की अतिशेष धान का नीलामी के माध्यम से निष्पादन एवं कस्टम मिलिंग कर मिलरों से चावल जमा की स्थिति सहित आगामी खरीफ सीजन 2025-26 में किसानों से धान खरीदी के लिए आरंभिक तैयारियों की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की जाएगी। मंत्री-मंडलीय उप समिति की बैठक में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, वित्त एवं वाणिज्यिकर मंत्री ओपी चौधरी, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा सदस्य के रूप शामिल होंगे।

### बैज 26 से 28 तक बचेली से दंतेवाड़ा तक करेंगे पदयात्रा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यख दीपक बैज बस्तर संभाग के आदिवासियों द्वारा संरक्षित जल



जंगल जमीन व खनिज संसाधनों को बचाने बचेली से दंतेवाड़ा तक न्याय पदयात्रा करेंगे। 26 से 28 मई तक चलने वाली पद यात्रा अंतिम दिन जिला मुख्यालय दंतेचाड़ा में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करने के बाद समाप्त होगी। न्याय पदयात्रा के दौरान बस्तर की समस्याओं को लेकर लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे।

### राजीव गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने ली शपथ

**रायपुर ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि को कांग्रेस ने हर वर्ष की भांति आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद एवं हिंसा का डटकर मुकाबला करने की शपथ ली। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि राजीव गांधी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्र ने प्रत्येक क्षेत्र में नई उपलब्धियों को हासिल किया। राजीव गांधी पंचायती राज के प्रबल पक्षधर थे वे पंचायती राज के माध्यम से प्रजातंत्र की नींव मजबूत करना चाहते थे। कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल, पंकज शर्मा, कुलदीप जुनेजा, श्रीकुमार मेनन, मदन तालेड़ा, मनोज कंदोई, सुंदर जोगी, जी. श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, प्रवीण चंद्राकर, पदमा कहार, संतोष जैन, मोहसिन खान, मुन्ना मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों ने सीखा पर्यावरण संरक्षण का पाठ

**रायपुर।** स्कूली बच्चे गर्मियों की छुट्टी में रचनात्मक कार्य सीख रहे हैं। इन बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जोड़ने के लिए जंगल सफारी का भी भ्रमण कराया जा रहा है। 19 से 24 मई तक नंदनवन जंगल सफारी में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने नवा रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी में समर कैंप करने के निर्देश दिए थे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बांटने से पहले उद्योग विभाग के अफसर करते हैं भेजी गई सामग्री का सत्यापन

# रायपुर सहित कई जिलों में दो महीने से भंडारण किए गए सामान की जांच नहीं, इसलिए वितरित भी नहीं

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सामग्री की खरीदी संचालनालय स्तर पर की जाती है। सामग्री की खरीदी कर इसे सभी जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग को भेजा जाता है। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्रों में इन सामग्री का वितरण किया जाता है, लेकिन इस वितरण से पहले संचालनालय द्वारा भेजे गए सामान की गुणवत्ता और संख्या सभी की जांच होती है। यह जांच उद्योग विभाग के अफसरों या उनके द्वारा भेजे गए कर्मचारियों की टीम द्वारा की जाती है। इस जांच के बाद ही आंगनबाड़ी केंद्रों में सामग्री को भेजा जाता है, लेकिन जिस तरह से आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ताहीन सामग्री के वितरण पर सवाल उठे हैं, उसके बाद उद्योग विभाग के अफसर और कर्मचारी भी संदेह के घेरे में आ गए हैं, क्योंकि अगर संचालनालय स्तर पर खरीदी में गड़बड़ी की गई है, तो इन सामग्री की जांच में भी लापरवाही बरती जा रही है।

**15 दिनों के भीतर पेश करनी है जांच रिपोर्ट:** छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ताहीन सामग्री की सप्लाई किए जाने पर सवाल उठे हैं। विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इसे लेकर इन सभी जिलों में की गई सामग्री की जांच के लिए शासन स्तर पर कमेटी गठित की है। जांच कमेटी को 15 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना है, जिसके आधार पर विभाग आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

### जांच कमेटी में इन विभागों के अफसर शामिल




जांच कमेटी के अध्यक्ष संयुक्त संचालक (वित्त), महिला एवं बाल विकास संचालनालय हैं। वहीं सदस्यों में प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी, प्राचार्य, जीईसी रायपुर, संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक संचालक, आईसीडीएस, आईआरक्लास सिस्टम एंड सॉल्यूशन प्रालि और एसजीएस इंडिया प्रालि शामिल हैं। कमेटी को सामग्री की भौतिक स्थिति और गुणवत्ता मानकों की जांच का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही संदेहास्पद या परीक्षण योग्य नमूनों को मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में भेजकर वैज्ञानिक विश्लेषण कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### दो माह पहले सप्लाई, जांच नहीं होने के कारण वितरण भी नहीं

*प्रदेश के लगभग सभी जिलों में संचालनालय ने करीब दो माह पहले आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण की जाने वाली सामग्री को महिला एवं बाल विकास विभाग को भेज दिया है, लेकिन कई जिलों में इन सामग्री का आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक वितरण ही नहीं किया गया है। इसका कारण उद्योग विभाग है, जिसके द्वारा सामग्री का सत्यापन कर जांच नहीं की गई है। रायपुर जिले में भी अब तक सामग्री का सत्यापन नहीं किया गया है, जिसके कारण आंगनबाड़ियों में इन सामग्री का वितरण नहीं हो पाया है।*

### इन सामग्री की गुणवत्ता पर उठे सवाल

आंगनबाड़ी केन्द्रों में अनाज की कोठी, फर्नीचर, बर्तन, सेनेटरी मशीन, वजन मापने की मशीन, नेल कटर, टब, साबुन, वाशिंग पावडर आदि सामग्री की सप्लाई की जाती है। इन सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं।

### कई जिलों से सत्यापन की रिपोर्ट नहीं आई

*आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण होने वाली सामग्री को संचालनालय से सभी जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालयों में भेजा जाता है। इन सामग्री का भौतिक सत्यापन उद्योग विभाग करता है, जिसकी रिपोर्ट संचालनालय भेजी जाती है। कई जिलों से यह रिपोर्ट आई नहीं है, इसलिए उन जिलों की आंगनबाड़ियों में सामग्री का वितरण नहीं हुआ है। शासन स्तर पर बनी कमेटी सामग्री की गुणवत्ता की जांच कर रही है।*

*- **पदुम सिंह एल्मा**, संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग*

### सत्यापन नहीं होने से वितरण नहीं हो पाया

*संचालनालय से सामग्री भेजी गई है। ये सामग्री करीब दो माह से विभाग के कार्यालय में स्टोर है। इन सामग्री का भौतिक सत्यापन करने उद्योग विभाग से टीम नहीं आई है, इसलिए वितरण नहीं किया गया है।*

*- **शैल ठाकुर**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायपुर*

# कांग्रेस के खिलाफ दुष्प्रचार विकास ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोशल मीडिया में लगातार कांग्रेस के खिलाफ विरोधी तत्वों द्वारा दुष्प्रचार अभियान चलाने को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बुधवार को एसपी से मुलाकात कर इंडिक्स ऑनलाइन यूट्यूब चैनल पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, यदि एफआईआर दर्ज नहीं होती है, तो कांग्रेसी न्यायालय भी जाएंगे। विकास उपाध्याय ने बताया कि विगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया में लगातार कांग्रेस के खिलाफ विरोधी तत्वों द्वारा दुष्प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। भ्रामक, असत्य और तथ्य से परे दुष्प्रचार के जरिए जनता के सामने कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इसका एक कनेक्शन इंडिक्स ऑनलाइन यूट्यूब चैनल से है।


### ये थे मौजूद

एसपी कार्यालय में विकास उपाध्याय के साथ शिकायत करने पहुंचने वालों में कमलाकांत शुक्ला, प्रकाश जगत, दिनेश ठाकुर, दिलीप चौहान, नरेश गड़पाल, बंशी कन्नौजे, कुंदन सिन्हा, दिलीप गुप्ता, अभिषेक ठाकुर, अमित शर्मा लल्लू, शांतनू झा, भावेश बघेल, सतीश ठाकुर, ऋत्विक चतुर्वेदी, अभय ठाकुर, रूपेश कुमार साहू, संदीप सिरमौर, संदीप तिवारी, वेद प्रकाश कुशवाहा, हर्षित जायसवाल, उमेश साहनी, राहुल धनगर, मधू नायक, मोहम्मद सरोश, शैलेन्द्र शर्मा, भूपेन्द्र साहू भूप्पी आदि उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय अपने अफसर कर्मियों को नहीं दे पा रहे हैं वेतन, सरकार से मांगते हैं अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- स्थापना व्यय 65 प्रतिशत के भीतर रखने है निर्देश
- आय व्यय में संतुलन बनाने की जरूरत भी है



छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के वित्तीय प्रबंधन की खामियों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ये संस्थाएं अपने अफसर कर्मियों का समय पर वेतन भुगतान भी नहीं कर पा रही हैं। दरअसल निकाय अपनी कमाई यानी राजस्व आय से वेतन नहीं दे पा रहे हैं। खास बात ये है कि निकायों को सरकार बरसों से निर्देश दे रही है कि अपनी आय बढ़ाएं और स्थापना व्यय 65 प्रतिशत की सीमा में ही रखें, पर निकाय यह काम भी नहीं कर सके हैं।

### ये है मामला

नगरीय निकायों के अफसर कर्मियों को वेतन न मिलने का मामला दरअसल संचालनालय नगरीय प्रशासन एं विकास के संचालक के पत्र के माध्यम से सामने आया है। संचालक ने राज्य के सभी निगम आयुक्तों, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निकाय के राजस्व एं अनिवार्य निधि से प्राप्त होने वाली आय से निकाय के कर्मचारियों को वेतन देने का निर्देश जारी किया है।

### यह करना है प्रतिबंधित

संचालक ने ये भी कहा है कि निकायों को स्वयं के राजस्व तथा अनिवार्य निधि से प्राप्त होने वाली आय से निर्माण कार्यों के देयक का भुगतान तथा सामाग्री क्रय पूरी तरह से प्रतिबंधित है। ये भी कहा गया है कि इस निर्देश की अवहेलना किए जाने पर संबंधित आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### क्यों करते हैं अनुदान की मांग

संचालनालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि उनके संज्ञान में यह आया है कि अधिकांश निकायों द्वारा राजस्व आय तथा स्थापना व्यय के लिए निर्धारित अनिवार्य निधि चुंगी क्षतिपूर्ति, यात्रीकर, मुद्रांक शुल्क, बार लायसेंस,उत्पाद कर से प्राप्त आय तथा निकाय निधि की राशि का उपयोग अधिकारियों, कर्मचारियों के वेतन भुगतान में न करते हुए अन्य कार्यों में करने की वजह से वेतन भुगतान के लिए लगातार अनुदान की मांग की जा रही है।

### स्थापना व्यय रखना है 65 प्रतिशत के अंदर

नगरीय निकायों में अधिकारियों कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ने का मामला कोई पहली बार सामने नहीं आया है, राज्य में बरसों बरस से निकाय स्थापना व्यय के नाम पर पूरी राशि खर्च कर दे रहे हैं। इसके बाद भी सरकार से अनुदान मांगने की नौबत रहती है। इसी मालों को लेकर चार साल पहले भी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी निकायों को निर्देश दिया था कि स्थापना व्यय (वेतन आदि के खर्चे) की सीमा 65 प्रतिशत के भीतर रखी जाए। यही नहीं, वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए अपने आय एवं स्थापना व्यय में संतुलन रखकर स्थापना संबंधी व्यय के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधान जुटाएं।

*तालाब गहरी-पचरीकरण के भी 254 कार्य अधूरे*

# ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग के 2043 कार्य में 41 प्रतिशत ही पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल स्त्रोत के लिए वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब गहरीकरण-पचरीकरण सहित नया तालाब निर्माण, डबरी एवं कुआं के निर्माण के लिए कार्य स्वीकृत किए जाते हैं, जिसके लिए फंड भी जारी किया जाता है। इसके अलावा इन स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करने के लिए समय-सीमा भी निर्धारित की जाती है, लेकिन इसके बाद भी ज्यादातर कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं किए जा रहे हैं। रायपुर जिले में वर्ष 2024 में स्वीकृत कार्यों की तुलना में लगभग 56 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हो पाए हैं। इनमें वाटर हार्वेस्टिंग के 41 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुए हैं। यह आंकड़ा बताता है कि जिले में कितनी धीमी गति से स्वीकृत कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। हालांकि विभागीय सूत्रों के अनुसार स्वीकृत कार्यों में कई कार्य वर्ष 2024 के पहले के भी हैं।




### आरंग में सबसे ज्यादा कार्य अपूर्ण

*मनरेगा के तहत जिले के अभनपुर, आरंग, धरसींवा एवं तिल्दा ब्लॉक क्षेत्रों के लिए कुल 4598 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 2691 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहीं 1905 कार्य अभी तक अपूर्ण हैं। इन सभी ब्लॉक में सबसे ज्यादा आरंग में कार्य अपूर्ण हैं। इस ब्लॉक में कुल कुल 1817 कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें 1007 कार्य पूर्ण और 810 अपूर्ण हैं। इसी प्रकार तिल्दा ब्लॉक में स्वीकृत 1193 कार्यों की तुलना में 633 पूर्ण एवं 560 अपूर्ण, धरसींवा ब्लॉक में स्वीकृत कुल 579 कार्यों में 355 पूर्ण एवं 244 अपूर्ण तथा अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में 1008 कार्यों को मंजूरी दी गई हैं, जिनमें 684 पूर्ण एवं 324 अपूर्ण हैं।*

### चारों ब्लॉक में स्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की सूची

| | स्वीकृत | अपूर्ण |
|---|---|---|
| तालाब गहरी-पचरीकरण | 845 | 254 |
| वाटर हार्वेस्टिंग | 2043 | 1159 |
| नया तालाब निर्माण | 118 | 35 |
| डबरी निर्माण | 43 | 13 |
| कुआं निर्माण | 71 | 21 |
| एसएचजी के लिए भवन | 20 | 5 |
| आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य | 19 | 18 |
| आंगनबाड़ी अहाता कार्य | 17 | 15 |
| आंगनबाड़ी भवन | 71 | 49 |
| न्यूट्री गार्डन | 74 | 22 |
| कच्ची नाली निर्माण | 300 | 90 |
| उचित मूल्य की दुकान | 9 | 03 |
| नाला सफाई | 226 | 68 |
| किचन शेड निर्माण | 15 | 05 |
| चेकडेम निर्माण | 40 | 12 |
| मुक्तिधाम-प्रतीक्षालय | 26 | 08 |
| खेल मैदान | 22 | 06 |

### सिर्फ वृक्षारोपण के कार्य पूर्ण

मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य में मात्र दो कार्य वृक्षारोण एवं नर्सरी में वृक्षारोपण के कार्य ही शतप्रतिशत पूर्ण हुए हैं। इनमें वृक्षारोपण के कुल 222 कार्य एवं नर्सरी में वृक्षारोपण के 7 कार्य स्वीकृत किए गए थे। ये दोनों कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

## सेना को लेकर हो रही बयान बाजी पर दी प्रतिक्रिया

# भूपेश ने कहा- भाजपा के मंत्री आउट ऑफ कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है, उन्होंने भाजपा के मंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे आउट ऑफ कंट्रोल हो चुके हैं। ऑपरेशन सिन्दूर और भारतीय सेना पर मंत्रियों की बयानबाजी से मची खलबली के बीच उन्होंने कहा, भाजपा के मंत्रियों के मुंह पर कोई कंट्रोल नहीं है। हमारी भारतीय सेना को लेकर कोई कुछ भी बयान दे रहा है। दिल्ली रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में झीरम हत्याकांड पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सवाल किए हैं। उन्होंने कहा, इस गंभीर मामले में हमने एसआईटी का गठन किया, केस एनआईए कोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने रोक लगा दी, फिर सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दे दी। शीर्ष न्यायलय की अनुमति के बाद अब राज्य सरकार झीरम हत्याकांड में जांच क्यों नहीं कर रही है? उन्होंने सवाल किया कि सरकार एसआईटी गठन करके जांच क्यों नहीं कर रही है? एनआईए की कोर्ट ने गणपति और जिन दूसरे नेताओं से बयान लेने कहा था, अब तक उनसे बयान क्यों नहीं लिया गया?

### राहुल के साथ दिल्ली में बैठक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बुलावे पर वे दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में उनके साथ श्री बघेल बैठक करेंगे। साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व पीएम राजीव गांधी की शहादत और देश के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

# शहर में लगेंगे 2000 ट्विन बिन सफाई की डिजिटल मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने जीटीपी हेल्थ केयर ग्रुप का आईएलएस हॉस्पिटल रायपुर शहर में 2 हजार ट्विन बिन स्थापित करेगा। सीएसआर के तहत नगर निगम के 10 जोन में गील और सूखा कचरा रखने प्लास्टिक के डस्टबिन लगाये जाएंगे। इसकी देखरेख डिजिटल माध्यम से की जायेगी। आईएलएस हास्पिटल के डीजीएम श्रीकांत उपाध्याय ने महापौर मीनल चौबे को सहमति पत्र दिया।

यह ग्रुप नगर निगम के सभी दस जोन में चयनित सार्वजनिक और व्यावसायिक स्थानों पर ट्विन बिन लगाएगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी संस्था की रहेगी। इस



डस्टबिन में एकत्रित कचरे का संग्रहण और चिन्हांकन स्थान तक परिवहन की जिम्मेदारी भी इस संस्था की होगी। दिन में दो बार या अधिक कचरा एकत्रित होने पर आवश्यकता अनुसार इससे अपशिष्ट एकत्र किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट भी प्रतिदिन निगम को प्रदान करना होगा। इस पहल पर स्वीकृति प्रदान करने के लिए हॉस्पिटल के सीओओ डॉ. सौरभ चौरड़िया, ग्रुप के सीओओ डॉ. विशाल गोयल, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट देवाशीष धर ने महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के सभी ब्लॉक मुख्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इसी कड़ी में धरसीवां विधानसभा के धरसीवां, खरोरा एवं आरंग ब्लॉक में भी राजीव गांधी की मूर्ति में पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। इसी दौरान पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कांग्रेसियों को आतंकवाद एवं अलगाववादी ताकतों के खिलाफ संकल्प दिलाकर उनके किए गए कार्यों को याद किया। साथ ही युवा कांग्रेसियों ने रक्तदान शिविर भी लगाया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने राजीव गांधी को कंप्यूटर क्रांति साइंस एवं टेक्नालॉजी आज जो भारत में समृद्ध है उसका श्रेय राजीव गांधी को है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा, अश्वनी वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मयंक वर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि



**रायपुर।** आईआईटी पटना बिहार ने रायपुर निवासी मयंक वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका पीएचडी का विषय 'माइक्रो फिक्शन स्टियर वेल्डिंग ऑफ डीसी मिलर एल्युमिनियम एलाइज था'। उन्होंने अपना शोर्ध कार्य प्रोफेसर डा. प्रोवीर साहा के निर्देशन में पूरा किया। मयंक वर्मा होली क्रॉस स्कूल कापा रायपुर से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद रुंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक मेकेनिकल शाखा की डिग्री रायपुर से प्राप्त की। वर्तमान में प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में वीएन आईटी नागपुर में कार्यरत है। वे हरिभूमि कार्यालय प्रसार विभाग में कार्यरत अशोक कुमार वर्मा के सुपुत्र हैं।

### छग धीवर समाज का प्रतिभा सम्मान 1 जून को

**रायपुर।** छग धीवर समाज रायपुर द्वारा वृंदावन हॉल, सिविल लाइन रायपुर के सभागार में 1 जून को कैरियर काउंसिलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 101 होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क कैरियर काउंसिलिंग का भी आयोजन होगा, जिसमें काउंसिलर वर्षा अजित वरवंडकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश धीवर प्रदेशाध्यक्ष एवं राजकुमार धीवर अध्यक्ष रायपुर क्षेत्र, पार्षद रमेश सपहा, सावित्री भारती सहित समाज के लोग शामिल रहेंगे।

# फेसबुक पर अमर्यादित पोस्ट, पीएचडी छात्र हॉस्टल से निष्कासित, आधी रात तक हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कुलपति निवास के बाहर बिस्तर लेकर बैठा निष्कासित छात्र एनएसयूआई दे रही समर्थन

इंदिरा गांधी कृषि विवि में एक पीएचडी छात्र को हॉस्टल से बाहर निकाले जाने के बाद प्रशासन और विद्यार्थियों का एक समूह आमने-सामने हो गया है। बुधवार को आदेश जारी होने के बाद देर रात तक छात्रों का विरोध-प्रदर्शन जारी रहा और विवि में गहमागहमी की स्थिति बनी रही। विवि प्रशासन का कहना है कि छात्र का आचरण अमर्यादित है।

## वीसी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग, पहले भी दी जा चुकी चेतावनी

### पालकों को किया गया था सूचित

विवि प्रशासन के अनुसार, छात्र द्वारा नियमित रूप से तथ्यरहित पोस्ट फेसबुक सहित अन्य सोशल साइट्स पर किए जाते रहे हैं। इसे लेकर उसे कई बार नोटिस भी दिया जा चुका है। इसके अलावा पालकों को भी सूचित किया जा चुका है। हर बार माफी मांगने के बाद छात्र द्वारा पुनः अमर्यादित टिप्पणियां प्रारंभ कर दी जाती रही है। अनुशासन समिति की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। धर,एनएसयूआई द्वारा बुधवार शाम से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक निष्कासन के विरोध में छात्र बिस्तर सहित कुलपति कार्यालय के बाहर डेरा जमाए बैठे रहे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा ने कहा, छात्र द्वारा सोशल



मीडिया में कुलपति पर की गई टिप्पणी अनुचित है, लेकिन वह मानसिक दबाव में था। किसी भी छात्र को घबराहट की स्थिति में की गई गलती के लिए जीवनभर की सजा न दी जाए।

### अनुशासनात्मक कार्रवाई

छात्र पर की गई कार्रवाई पूर्ण रूप से अनुशासनात्मक है। पीएचडी छात्र को केवल 6 सेमेस्टर तक छात्रावास में रहने का अधिकार है।छात्र को इससे अधिक समय हो चुका है। इसके अलावा उक्त छात्र का आचरण अमर्यादित है।

*- डॉ. संजय शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता*

सोशल साइट्स पर कुलपति सहित प्राध्यापकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए पोस्ट उक्त छात्र द्वारा किए जाते रहे हैं।

वहीं विवि से निष्कासित छात्र सुजीत सुमेर का कहना है कि यह निष्कासन छात्रहित की आवाज उठाने और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध मुखर होने के कारण किया गया है। वह अपने संवैधानिक अधिकारों की बहाली और छात्रावास में पुनः प्रवेश की मांग को लेकर संघर्षरत है। निष्कासित पीएचडी छात्र के समर्थन में एनएसयूआई भी आ गई है। निष्कासित छात्र स्वयं भी एनएसयूआई कार्यकर्ता है।

## शिविर में प्रदेश के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए

# सुशासन तिहार में 6597 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आशुतोष देवांगन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तिल्दा विवेक गोस्वामी के मार्गदर्शन नोडल अधिकारी के एन रस्तोगी की देखरेख में पूर्व नियोजित कार्यक्रमानुसार तिल्दा विकासखंड के ग्राम देवरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुशासन तिहार के तृतीय एवं अंतिम चरण में 22 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासन की ओर से अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया।

समस्त विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित आवेदन, मांग एवं शिकायतों की संख्या एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समस्याओं की प्रकृति के अनुरूप समाधान की समीक्षा प्रस्तुत की।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आशुतोष देवांगन ने शिविर में प्राप्त आवेदनों 6600, निराकृत 6597, अनिराकृत आवेदनों 3 का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए सरकार की अपेक्षा के अनुरूप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दुहराया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने सुशासन तिहार के उद्देश्यों पर प्रकाश



डालते हुए शिविर समाप्ति के बाद भी इसी गति से त्वरित निदान का भरोसा दिलाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के विकासोन्मुखी सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने प्रेरित किया।

इस अवसर पर धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण महामंत्री व अन्य अतिथियों के साथ शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शासन या प्रशासन के अच्छे कार्य व सकारात्मक सोंच की सदैव प्रशंसा होनी चाहिए। उन्होंने विष्णुदेव सरकार को सांय-सांय अर्थात तत्परता से जनसमस्याओं को सुलझाने व विकास की तीव्र गति से दौड़ने वाली सरकार निरूपित किया। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में किये गए अपने किये गए संकल्पों के अनुरूप जनता के विश्वास में खरी उतरते हुए सफलता के नित नए आयाम गढ़ रही है, उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए वरदान बताया, तिहार के तीनों चरणों का उल्लेख करते हुए समाधान शिविर को जनसमस्याओं के त्वरित निदान का सशक्त माध्यम बताया। मंच को जिला पंचायत सभापति द्वय स्वाती वर्मा, शैल महेन्द्र कुमार साहू ने भी संबोधित किया। उन्होंने पद्मश्री अनुज शर्मा को क्षेत्र के रियल हीरो बताते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की। विधानसभा क्षेत्र न होते हुए भी जनहित में समर्पण एवं शुभागमन के लिए अभिनंदन किया।

इस अवसर पर महिला बाल विकास द्वारा गर्भवती माताओं की गोदभराई, शिशुओं का अन्नप्राशन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत चेक, कृषि से स्प्रेयर, कृषि यंत्र, बीज, राजस्व विभाग से किसान किताब,वन विभाग द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अतिथियों एवं किसानों को पौधे,समाज कल्याण की ओर से दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र, प्रमाण पत्र, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान कार्ड आदि वितरित किये गए ।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक द्वय ऋषि वर्मा एवं दौलत धुरंधर ने किया।कार्यक्रम में जनपद सभापति देवव्रत शर्मा, सदस्य लेखू राम सेन, ललिनी ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, मंडल अध्यक्ष नरसिंह वर्मा उपाध्यक्ष खरोरा मंडल डोमार धुरंधर, सरपंच दिव्या परमेश्वर वर्मा, तेजराम वर्मा, मनोरमा वर्मा, गजानंद वर्मा, ऋषि वर्मा, डॉ. रामखेलावन वर्मा, उपसरपंच हरीश वर्मा, सचिव तेजराम वर्मा, पंचगण नीलम वर्मा, नीरा वर्मा, सावित्री लहरे, गीता वर्मा, ईश्वरी वर्मा, उर्मिला वर्मा, ज्योति वर्मा, चित्ररेखा, रमेशर वर्मा, कन्हैया निषाद,सहदेव निर्मलकर,भागवत वर्मा,पुनीत वर्मा सहित अंचल के निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

## नवा रायपुर में सड़क हादसा, तीन घायल, एक आठ साल का बच्चा शामिल



**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दो कार की आमने-सामने टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में एक आठ साल का बच्चा भी शामिल है। धटना बुधवार सुबह 11 बजे नवा रायपुर सेक्टर-16 की है। कार चालक अपनी चाची के बच्चे तथा केयर टेकर को नवा रायपुर से लेकर वापस अभनपुर जा रहा था, तभी इनोवा के चालक ने मोड़ के पास कार को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना में तुषार मेश्राम, आठ वर्षीय शिवाय मेश्राम तथा अनिता साहू घायल हुए हैं। तुषार की चाची श्रद्धा मगरलोड में महिला बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर है। वह ट्रेनिंग में जाने के लिए निकली थी। ट्रेनिंग में जाने के पूर्व श्रद्धा शिवाय तथा केयर अनिता को संचालनालय में छोड़कर तुषार के साथ मगरोलोड गई थी। तुषार शिवाय तथा अनिता को लेकर अपने निवास अभनपुर जाने के लिए निकला था, तभी हादसा हुआ।

**टर्निंग के दौरान हदसा, 30 मीटर तक घसीटा:** इनोवा की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि जहां एक्सीडेंट हुआ है, वहां दूसरी कार 30 मीटर तक घिसटती चली गई। इनोवा की टक्कर से कार के एक साइड के हिस्से का परखच्चा उड़ गया। घटना सुबह की थी, इस वजह से घटना स्थल पर काफी लोग मौजूद थे। मौके पर उपस्थित लोगों ने राहत तथा बचाव कार्य करते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी

म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों की गिरफ्तारी के बाद हैंडलर की पहचान कर कार्रवाई

# म्यूल अकाउंट से रकम ट्रांसफर 10 हैंडलर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

म्यूल अकाउंट होल्डर, अकाउंट खुलवाने वाले लोगों के बाद रेंज साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट हैंडल करने वाले हैंडलरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। इसी कड़ी में पुलिस ने 10 म्यूल अकाउंट हैंडलर की पहचान कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। पकड़े गए आरोपियों द्वारा छह महीने के भीतर सौ से ज्यादा बैंक अकाउंट के माध्यम से 30 करोड़ रुपए से ज्यादा के ट्रांजेक्शन करने की जानकारी रेंज साइबर पुलिस को मिली है। म्यूल अकाउंट हैंडल करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने उत्तरप्रदेश के जगदीशपुर निवासी देवेंद्र शर्मा के साथ रायपुर निवासी सनी सोनी, राकेश साहू, राजेन्द्रपुरम, भानु प्रताप सेन, अब्दुल कलाम, रोहित कस्तूरिया, रितेश निर्मलकर, ऋतिक शर्मा तथा बज्जू शर्मा को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पुलिस से बचने जगह बदल-बदलकर म्यूल आकाउंट से पैसे आहरण कर दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर करने का काम करते थे।



### अकाउंट हैंडल करने किराए पर दुकान

म्यूल अकाउंट हैंडल करने के आरोप में पुलिस ने जिन 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें गुढ़ियारी निवासी राकेश साहू म्यूल आउंट हैंडल करने के लिए गुढ़ियारी में दो अलग-अलग जगह दुकान किराए पर लेकर कार्यालय संचालित कर रहा था। गिरफ्तार आरोपियों के अकाउंट की भी पुलिस पड़ताल कर रही है।

### सटोरियों की रकम ट्रांसफर


रेंज साइबर पुलिस ने जिन म्यूल अकाउंट होल्डर को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा ऑनलाइन सट्टे की रकम का ट्रांजेक्शन किए जाने की जानकारी रेंज साइबर पुसिस को मिली है। इनमें महादेव सट्टा एप के साथ अन्य ऑनलाइन सट्टा ऑपरेटरों की रकम कमीशन लेकर ट्रांसफर करने का काम करते थे। रकम ट्रांसफर करने के एवज में हैंडलरों को मोटा कमीशन मिलता था।

***80 करोड़ रुपए से ज्यादा का ट्रांजेक्शन*** *: जिले में संचालित अलग-अलग बैंकों में 232 म्यूल अकाउंट के खाताधारकों के खिलाफ रेंज साइबर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। इन एकाउंट को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में पांच सौ से ज्यादा एफआईआर दर्ज हैं। रेंज साइबर पुलिस की जांच में इन अकाउंट में अब तक 80 करोड़ रुपए से ज्यादा के ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली है।*

# मैट्रिमोनियल साइट पर शादी का झांसा, डॉक्टर से 46 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना में एम्स के एक डॉक्टर ने मैट्रिमोनियल साइट से संपर्क कर शादी करने का झांसा देकर कथित रूप से एक महिला डॉक्टर के खिलाफ 46 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने डॉक्टर को भविष्य के सपने दिखाकर अस्पताल खोलने का झांसा दिया और ट्रेडिंग साइट में निवेश कराकर ठगी की है। पुलिस के अनुसार टाटीबंध जैनम प्लेनेट निवासी राहुल कुमार रोहित ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर के अनुसार दो माह पूर्व मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से उनकी पहचान कथित रूप से डॉक्टर राधिका मुखर्जी से हुई थी। महिला डॉक्टर वाट्सएप कॉल से बात करती थी। डॉक्टर के अनुसार महिला ने उसे फ्यूचर प्लानिंग बताते हुए अस्पताल खोलने का झांसा देकर ट्रेडिंग साइट फॉरेक्स प्लस 500 ग्लोबल सीएस के बारे में जानकारी देते हुए रकम निवेश करने विवश किया।



■ अस्पताल खोलने का झांसा देकर ट्रेडिंग साइट में कराया निवेश

### 30 लाख रुपए लोन लेकर निवेश

महिला के झांसे में आए डॉक्टर ने रकम निवेश करने 30 लाख रुपए लोन लिए। साथ ही अपने पास रखे 16 लाख रुपए निवेश कर दिए। डॉक्टर के अनुसार जिस ट्रेडिंग कंपनी में उसने पैसे निवेश किए थे, उसमें उसकी रकम एक करोड़ रुपए होना दर्शा रहा था। इस दौरान डॉक्टर ने अपने पैसे निकालने की कोशिश की। पैसा नहीं निकलने पर डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कोचिए सक्रिय, कोई घर पर, कोई वाहन में ले जाकर बेच रहा, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कोचियों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। कोई घर पर अवैध रूप से शराब का भंडारण कर बेच रहा है, तो कई दोपहिया वाहन में घूम-घूमकर शराब बेच रहे हैं। आबकारी विभाग की टीम ने ऐसे ही कोचियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 46.86 लीटर देशी शराब जब्त की है। जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कोचियों को भी पकड़ा जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने ग्राम घोंट में रामभरोसे सोनवानी नामक व्यक्ति को



गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 145 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। इसी प्रकार पंकज धीवर निवासी छतौना आरंग के कब्जे से 47 पाव देशी मसाला, सिवनी निवासी जितेन्द्र तारक के कब्जे से 37 पाव देशी शराब और एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस वाहन जब्त किया है। इसके अलावा ग्राम छतौना आरंग निवासी दयाराम धीवर के कब्जे से 18 पाव शराब और श्याम बाजार आरंग निवासी अजय साहू के कब्जे से 13 पाव शराब जब्त की है।

## शंकर नगर वार्ड में बिजली की समस्या, पार्षद राजेश गुप्ता अधीक्षण अभियंता से मिले

**रायपुर।** राजधानी के शंकरनगर वार्ड के कई इलाकों में रोज हो रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर बुधवार को पार्षद राजेश गुप्ता ने शंकर नगर परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता विनय चंद्राकर से मुलाकात की। उन्हें विद्युत के संबंध में आ रही दिक्कतों से अवगत कराते हुए समस्या दूर कराने ज्ञापन सौंपा। नगर निगम जोन 3 के शंकरनगर वार्ड स्थित दुर्गा मैदान, पानी टंकी, सेक्टर 2 क्षेत्र, न्यू शांतिनगर, गोरखा कालोनी, गांधी नगर गीतांजलि नगर सेक्टर 1, 2 और सेक्टर 3 में आए दिन लो वोल्टेज और असमय लाइट गोल से लोग परेशान हैं। वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता ने वार्ड वासियों की बिजली समस्या को दूर करने शंकर नगर परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता विनय चंद्राकर से मुलाकात की। श्री गुप्ता ने उन्हें अवगत कराया कि वार्ड के आधा दर्जन से ज्यादा रहवासी इलाकों में लो वोल्टेज एवं लाइट बंद होने की समस्या आ रही है। इससे वार्ड वासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही संबंधित क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. 202505210100009 अ/59 वर्ष 2024-25 ग्राम-खम्हरिया प.ह.नं. 43

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खाद्य अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा का पत्र क्रमांक 44/ खाद्य/ धान उपा./ गोदाम/ 2025 बलौदाबाजार, दिनांक 17.04.2025 के माध्यम से गोदाम निर्माण कराये जाने हेतु तहसील भाटापारा स्थित ग्राम खम्हरिया के शासकीय भूमि खसरा नंबर 531/1 रकबा 38.377 में से 12.138 हे. खसरा नंबर 557 रकबा 4.047 हे., खसरा नंबर 558 रकबा 1.214 हे. (कुल 30 एकड़) भूमि को आबंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार-भाटापारा को पत्र प्रेषित किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय भाटापारा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 06/06/2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्तसबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 06/06/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से सहित जारी किया गया।

दिनांक - 22.05.2025

मुहर

नायब तहसीलदार
भाटापारा

## पेज 13 के शेष

### सुशासन तिहार बना ...

की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्रवाई की जा रही है।

**अन्य आयोजन एवं सम्मान:** इस अवसर पर ग्राम नयापारा में समर कैंप का शुभारंभ भी किया गया, जिसमें सेल्फ डिफेंस, योगा, साइबर सुरक्षा जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही शिविर में प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ऋण पुस्तिका, हेलमेट वितरण एवं 'हम होंगे कामयाब' योजना के तहत युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### अवैध रूप से...

दिया गया। जब्त की गई लकड़ियों की जांच प्रक्रिया अभी जारी है।

इस कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी बसंत कुमार खाण्डेकर, उप वनक्षेत्रपाल आशुतोष सिंह ठाकुर, केशरीलाल जायसवाल, मोतीलाल ध्रुव सहित वन विभाग के अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### वन क्षेत्र में ...

भूमि पर स्पष्ट रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है। वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन को जब्त कर वन अपराध दर्ज किया। जब्तशुदा मशीन को राजसात करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### तूफान और बेमौसम...

के कारण उनके घर में रखा सारा राशन, कपड़े और अन्य जरूरी सामान पानी में भीगकर बर्बाद हो गए। क्षेत्र के अनेक गांवों से भी इसी तरह की खबरें सामने आ रही हैं, जहां लोगों के आशियाने उजड़ गए हैं और खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हो गई हैं। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से त्वरित राहत और उचित मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा की इस मार से उबरने के लिए सरकार शीघ्र कार्रवाई करते हुए सर्वे कराना चाहिए और प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता राशि प्रदान करनी चाहिए।

### आगजनी : सुरक्षा व्यवस्था...

बाधा आती है। फायर स्टेशन इंचार्ज जितेंद्र कुर्रे ने बताया कि रास्तों में मवेशियों और ट्रैफिक के कारण औसतन 5-10 मिनट की देरी होती है।

**फायर सेवा के संसाधन सीमित, क्षमता पर उठे सवाल:** बलौदा बाजार का फायर स्टेशन सी कैटेगरी में आता है। जहां 21 कर्मियों की जरूरत है, वहां मात्र 12 कार्यरत हैं, जिनमें से केवल 2 नियमित फायरकर्मी हैं। पांच दमकल में से तीन वाहन फिलहाल उपयोग में नहीं हैं। एक हादसे में क्षतिग्रस्त, एक मरम्मत में और एक खराब है। सिर्फ दो वाहन ही परिचालन में हैं।

### जीव-जंतु की ...

की उपस्थिति में संकल्प लिया गया कि जीव-जंतु की रक्षा और पौधे लगाने के लिए सभी योगदान करेंगे। गौशाला से धमनी के प्रवेश तक मार्ग के दोनों किनारे पर 500 पौधे में सुरक्षा की जिम्मेदारी लेकर करने के लिए सभी ने सहमति प्रदान की। ऊंचे पौधा उपलब्ध कराने वन प्रबंधन समिति धमनी को कार्य सौंपा गया।

## पत्थर मारने के विवाद पर कार से कुचलने की कोशिश

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ उसे तथा उसके दो अन्य दोस्तों को सवारी गाड़ी से कुचलकर मारने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना मंगलवार रात की है। गाड़ी से कुचलने वाले के खिलाफ पुलिस ने हत्या की कोशिश करने का अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार शेख लियाकत ने विक्की पटेल उर्फ धम्मक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शेख लियाकत ने पुलिस को बताया है कि वह अपने दो अन्य दोस्त मोहम्मद असफाक तथा शाह नवाज के साथ किले वाले बाबा मजार के पास बैठा था। इस दौरान विक्की तीनों के पास पहुंचा और उन पर पत्थर मारने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की। शेख लियाकत तथा उसके दोस्तों ने पत्थर मारने की बात से इनकार कर जाने लगे। इस दौरान विक्की ने तीनों को घमकाते हुए टाटा मैजिक सवारी गाड़ी से कुचलकर मारने की धमकी देते हुए उन पर गाड़ी चढ़ा दी। बचने की कोशिश में तीनों लड़कों के सिर, हाथ पैर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।



## खबर संक्षेप

### समय पर खाद, बीज का उठाव करे किसान



**बलौदाबाजार।** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 9 सभापति कृषि स्थायी समिति इंदु जांगड़े ने जारी बयान में बताया कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार किसानों के हित और सुविधा को ध्यान में रखते हुये सभी फार्टिलाइजर की समय पर व्यवस्था कर भण्डारण का कार्य संपन्न कर रही है, जिससे समुचित अवसर पर किसानों को सहकारी समितियों से खाद उपलब्ध हो सके। इंदु जांगड़े ने जिले के सभी कृषि अधिकारी, सहकारी बैंक अधिकारी से सीधे संपर्क कर किसानों के हित सवर्धन की बात कही है। किसानों को समय पर खाद बीज सुगमता पूर्वक उपलब्ध हो इस दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और सभी भण्डारण केन्द्रों में रासायनिक खाद और बीज उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से समय पर रासायनिक खाद, बीज का उठाव की अपील की है।

### नक्सलवाद मुक्त प्रदेश की ओर बढ़ रहा छत्तीसगढ़ः पप्पू

**महासमुंद।** तुमगांव नगर के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा जिला प्रतिनिधि पप्पू पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के सघन जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराज सहित 27 नक्सली मारे गए। बसवराज पर एक करोड़ रुपए का इनाम था और वह नक्सल आंदोलन का शीर्ष नेतृत्वकर्ता था। पटेल ने इसे नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताई। उन्होंने मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा होने पर भी विश्वास जताया।

## निधन

### मानबाई साहू



**पलारी।** साराडीह निवासी 71 वर्षीय मानबाई साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मोती साहू की पत्नी एवं कबीर साहू तथा दुष्यंत साहू की माता थीं।

## विकास : निर्माण कार्यों का मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमि पूजन

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में होंगे 65.56 लाख के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड 2 स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 65.56 लाख की लागत से विकास कार्यों की शुरुआत के लिए भूमि पूजन किया गया। यह कार्य अधोसंरचना मद से स्वीकृत राशि के अंतर्गत संपन्न किए जा रहे हैं, जिनमें कॉलोनी में पेवर ब्लॉक, सौंदर्यीकरण तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का निर्माण शामिल हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन भी उपस्थित थे, जिनके प्रयासों से यह परियोजना संभव हो सकी।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार नगर के विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है और भविष्य में भी जनसुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नगर पालिका द्वारा तैयार कार्य योजना के अनुरूप शीघ्रता से निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए।



नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, वार्ड पार्षद अमितेश नेताम तथा नगर के अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, योगेश अग्रवाल, सुनीता वर्मा, नीलम सोनी, पार्षद कन्हैया सेन, सतीश पटेल, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, लोकेश चेलक, सुभाष राव, शशि भूषण शुक्ला, मनीष वर्मा, रवि फेकर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई तथा पार्षद अमितेश नेताम ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक विकास को गति देना है, बल्कि नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है

## सड़क हादसे में दिया मानवता का परिचय 'गुड सेमेरिटन' मधुकर हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा सड़क दुर्घटना में तत्परता और संवेदनशीलता के साथ मदद करने वाले गुड सेमेरिटन मधुकर वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पिछले वर्ष 15 को पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम गिर्रा और संडी के बीच हुई एक गंभीर सड़क दुर्घटना में पुलिस को दिए गए सहयोग के लिए प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त दिन रात्रि के समय एक अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिल चालकों को कुचल दिया था, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए चुचरूंगपुर निवासी मधुकर वर्मा ने बिना किसी हिचकिचाहट के न केवल मौके पर यातायात व्यवस्था को संभाला, बल्कि मृतकों के शव को उठाने में पुलिस की मदद भी की। उनके इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया।

इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से नागरिकों से अपील की गई कि सुरक्षित परिवहन व्यवस्था हेतु यातायात नियमों का पालन करें और संकट की घड़ी में एक-दूसरे की सहायता कर गुड सेमेरिटन जैसी भावना को बढ़ावा दें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाज में जब आम नागरिक इस तरह की सतर्कता और सहयोग की मिसाल पेश करते हैं, तो यह पुलिस और समाज के बीच विश्वास की एक मजबूत कड़ी बनती है।

## ग्राम तमोरा से अवैध अतिक्रमण हटाया गया

**महासमुंद।** वन मंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल ने बताया कि वनमण्डल अंतर्गत बागबाहरा परिक्षेत्र के ढोड़ परिसर के कक्ष क्रमांक 95 व 96 में ग्राम तमोरा के निवासी बैसाखूराम वल्द बैलाराम खैरवार, हिरउ वल्द बोधराम, खेलकुंवर वल्द हिरउराम ध्रुव, रमेश ध्रुव वल्द फूलसिंग ध्रुव एवं अन्य 50 व्यक्तियों द्वारा वन क्षेत्र में रकबा लगभग 100 हेक्टेयर वन भूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से कचरा, सूखे पत्ते की सफाई एवं घांस निंदाई कर मेड़ बनाकर कुछ सालों से खेती जा रही थी। उक्त व्यक्तियों द्वारा वर्ष 2019-20 में भी अतिक्रमण का प्रयास किया गया था। वर्ष 2019-20 में अतिक्रमणकारियों से वनक्षेत्र को मुक्त कराया गया था। अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः अतिक्रमण किया गया, जिसके लिये पीओआर क्रमांक 14403/23, 24, 25 दिनांक 22.01.2025 जारी कर अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रयास किया गया। अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर 21 मई 2025 को पुलिस बल एवं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा कक्ष क्रमांक 95 एवं 96 से अतिक्रमणकारियों को हटाया गया है।

## बरौंडा में मनरेगा सोशल ऑडिट ग्रामसभा हुई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बंगोली

तिल्दा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बरौंडा में मनरेगा के तहत सोशल ऑडिट सामाजिक अंकेक्षण कार्य संपन्न हुआ। मनरेगा के तहत वर्ष 2022 से 24 तीन वर्ष में कराये गये मजदूरी मूलक व सामाग्री कार्यों की जांच की गई। जांच के दौरान मस्टर रोल व आवश्यक पंजी की जांच किया तथा मनरेगा कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया। जांच में सभी कार्य सही पाए गए।

17 से 21 मई तक हुए मनरेगा कार्यों की जांच हुई, जिसमें 22 मई को विशेष ग्रामसभा का आयोजन मनरेगा कार्य स्थल फुलवारी तालाब गहरीकरण में आयोजित हुआ।

ग्रामसभा में मनोज मनहरे बीएसएएफ सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता द्वारा तीन वर्ष में हुए मजदूरी खर्च राशि 6338109 लाख तथा सामाग्री राशि 9 लाख कुल 72 लाख 42 हजार रुपये खर्च हुए तथा तीन वर्ष में कुल 29656 दिन रोजगार उपलब्ध कराया गया।

मनरेगा कार्यों में तालाब गहरीकरण, टार नाली साफ सफाई, गहरी तथा भूमि सुधार एवं गौठान कार्यों की जांच की गई। ग्राम सभा में 77 मनरेगा व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जिसमें सामाजिक अंकेक्षण कर्मचारी रामेश्वरी, मेनका ध्रुव, कामनी निषाद, रितेश चतुर्वेदी,

सरपंच नीलूप्रदीप मढ़रिया, सचिव सुरेंद्र कुमार पटेल, जगदेव कंडरा ग्राम रोजगार सहायक, मेट प्रियंका निर्मलकर, लता देवांगन, ऊषा जांगड़े, घनश्याम धीवर, पंच सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी-रावन

■ मोहरा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम, 30 मई तक चलेगा कथा का आयोजन

ग्राम मोहरा में पूर्वजों की पुण्य स्मृति में स्व. भागीरथी वर्मा एवं संतोष वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह का शुभारंभ 22 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यह आयोजन 22 से 30 मई तक संपन्न होगा। इसमें श्रीमद्भागवत कथा का वाचन पं. नंदकुमार शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के माध्यम से हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यह यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख स्थलों—बस स्टैंड, शारदा चौक, ठाकुर देवता, शीतला माता, महामाया देवी और साधु दरबार होते हुए समस्त ग्राम देवी-देवताओं को





आमंत्रित करते हुए संपन्न हुई। महिलाओं ने पीले परिधान में सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से सहभागिता की, वहीं पुरुष श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की झांकी के साथ उत्साहपूर्वक यात्रा में सम्मिलित हुए।

कलश यात्रा में ग्राम के प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा, कार्तिकराम वर्मा, छात्रधारी वर्मा, समिति व्यवस्थापक दिन बंधु यादव, परमेश्वर वर्मा, प्यारेलाल महाराज, अमेरिका महाराज, गिरवर प्रसाद वर्मा, दयाराम यदु, रोहित वर्मा, शेषधुरंधर वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, सागर वर्मा, दादू यदु एवं अनेक श्रद्धालु शामिल थे।

कथा सप्ताह के दौरान प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से विविध धार्मिक प्रसंगों की प्रस्तुति की जाएगी, जिनमें गोवर्धन महात्म्य, परिक्षित जन्म, वामन अवतार, प्रह्लाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं सुदामा चरित्र प्रमुख हैं।

कार्यक्रम का समापन 30 मई को गीता प्रवचन, तुलसी विवाह, सहस्त्रार स्नान एवं हवन जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

## भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने ली जिला कमेटी की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़पार-सरसीवा

भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश आजाद ने 21 मई को सारंगढ़-बिलाईगढ़ में प्रथम समीक्षा बैठक ली।

समीक्षा लेने पहुंचे भीम आर्मी के छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश आजाद का भव्य स्वागत किया गया। आज़ाद ने संगठन विस्तार को लेकर समस्त जिला कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया साथ ही राष्ट्रीय कमेटी के आदेशों का कड़ाई से पालन करने का भी निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से भीम आर्मी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर संभाग प्रभारी संतोष कुमार निराला, प्रदेश महासचिव व बिलासपुर संभाग प्रभारी मनिंदर सिंह आजाद, जिला अध्यक्ष आपुर बंजारे, जिला अध्यक्ष सुशील अनंत, जिला उपाध्यक्ष अमित जायसवाल, जिला महासचिव अजय खूंटे, जिला महासचिव मनोज जांगड़े, जिला मीडिया प्रभारी वासु बजाज, आईटी सेल प्रभारी राजेश भास्कर, सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष निर्मल निराला एवं भीम आर्मी के तमाम कार्यकर्ता व सदस्यगण उपस्थित रहे सभी ने बहुजन मिशन को आगे बढाने का संकल्प लिया।

## जटिल रोग से ग्रसित मजदूर को 3 लाख की मदद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत कारखाना उद्योगों तथा दस और दस से अधिक कर्मचारियों के नियोजन वाले समस्त संस्थानों में कार्यरत मजदूरों के लिए लगभग 14 कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ प्रदेश के मजदूरों को प्राप्त हो रहा है। इसी संदर्भ में पिछले दिनों रायपुर जिले के खरोरा विकासखंड के अंतर्गत जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम बिठिया में निवासरत श्रमिक प्रकाश टंडन को संसार की जटिल बीमारियों में शुमार सिलिकोसिस ने आ घेरा है। श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा व मंडल के कमिश्नर अजितेश पांडेय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उक्त श्रमिक को सहायता प्रदान करने के



लिए तत्काल उसका प्रकरण बनवाया और इस बीमारी की योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि तीन लाख का चेक लेकर मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ग्राम बिठिया पहुंचे, जहां पंचायत भवन में सरपंच दुष्यंत साहू व अन्य पंच लोगों की उपस्थिति में उक्त जटिल रोग से ग्रसित मजदूर को चेक प्रदान किया गया।

इस दौरान मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल मजदूरों के आर्थिक विकास के लिए कटिबद्ध है। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक जरूरतों की पूर्ति के लिए विभाग द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और बड़ी संख्या में प्रदेश के मजदूर वर्ग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंडल की योजनाओं का और अधिक विस्तार होगा तथा प्रत्येक मजदूरों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी, मंडल के कर्मचारी विवेक दुबे किसरोद राउत, दुष्यन्त साहू, संजय चौहान, नरेंद्र सिन्हा उपस्थित थे।

## जिला जेल में तनाव प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदियों और स्टॉफ के साथ तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित किया गया। डॉ पी कुदेशिया सी एमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से किया गया। बंदियों को आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि रोकथाम के उपाय, अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखे, आपसी समन्वय स्थापित करें, एक दूसरे से वार्तालाप करें, हल्का व्यायाम करें, प्रतिदिन योगा अभ्यास करें, अपना स्वयं की सफाई करें, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद ले।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चावा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर से मिलिए
24 मई दिन शनिवार
राना मेडिकल स्टोर, सरकारी अस्पताल के पास, भाटापारा
समय - सुबह 10:00 से 3 बजे तक
क्या दवा लेने के बाद भी शुगर लेवल बढ़ा रहता है ?
शुगर के खतरे से बचे होम्योपैथी दवा द्वारा उपचार
शुगर के कारण सुस्ती कमजोरी थकान, भूख कम लगना
● अर्थराइटिस / (जोड़ो पद दर्द) न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)
● L4-L5 नशों में दबाव के कारण अकड़न, चलने पर दर्द, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान।
● घुटना दर्द - घुटने में सूजन, कट-कट की आवाज, बैठकर उठने, चलने पर दर्द होना, हड्डी में गैफ, लिक्विड़ कम होना।
● मूत्र एवं किडनी रोग - (पेशाब नली की सिकुड़न, प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना, UTI बार-बार इंफेक्शन) मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, धार कमजोर, ऐसा लगता है, पेशाब बचा है और बार-बार जाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, कपड़े पर लिकेज होना। शुगर के कारण पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना, यौन कमजोरी (Erectile Dysfunction) शुक्राणु की कमी।
● विशेष चिकित्सा - फंगल इन्फेक्शन, खुजली, सफेद दाग
FATTY LIVER - भूख कम लगना, गैस, पेटफूलना, पेट साफ न होना।
पाईल्स, भगन्दर, फिशर (गुदामार्ग पर जलन, दर्द, मवाद आना।)
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें



Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर